किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी को 23 मार्च को नवी अख्तर उर्फ दीपक पुत्र लालबाबू मियां निवासी सिसवनिया वार्ड नम्बर एक अंचल छौड़ा दानो पंचायत रामपुर सिसवनिया पूर्वी चंपारण बिहार बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

बताया जाता है कि आरोपी ने पहले रांग नम्बर से सम्पर्क किया इसके बाद उसे 23 मार्च को अंधरपुरवा पुल पर मिलने के लिए बुलाया। फिर वहीं से लेकर कानपुर चला गया। जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

लोकेशन के आधार पर 28 मार्च को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। जबकि आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी नवी अख्तर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

चोरी की गयी एक मोटर साईकिल के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती 4 अप्रैल (भि0टा0सं0)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सौरभ सिंह थाना हरदत्त नगर गिरण्ट जनपद श्रावस्ती मय पुलिस टीम द्वारा 4 अप्रैल को संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान सर्रा मोड हरवंशपुर थाना हरदत्त नगर गिरण्ट से नफीस खाँ पुत्र करीम खाँ निवासी मोहल्ला किला थाना नानपारा जनपद बहराइच को चोरी की गयी 01 मोटर साईकिल रायल इनफील्ड बुलेट क्लासिक 350 जिसमें कूट रजित नम्बर प्लेट लगी हुई व एक कूट रचित रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा दिल्ली से मोटरसाइकिल चोरी की गयी थी जिसकी बिक्री के लिए प्रयासरत था, पूर्व में भी अभियुक्त के द्वारा थाना सिंभावली जनपद हापुड एवं थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच मे भी चोरी की घटना की जा चुकी हैं पूर्व में ही जेल जा चुका है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना हरदत्त नगर गिरंट पर मु0अ0सं0 78/2025 धारा 317(2), 317(4), 318(4), 336(3), 338,340(2) BNS मे अभियोग पंजीकृत कराया गया।